## प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश

दिनांक : 18.06.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बैतूल में 'आध्यात्मिक जागृति द्वारा आदिवास समाज का सशक्तिकरण' कार्यक्रम को किया संबोधित।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस दौरे में एआई, रेलवे और निर्माण क्षेत्र की शीर्ष कंपनियों के सीईओ से की मुलाकात।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में शासकीय कन्या विद्यालय की खगोलीय प्रयोगशाला का निरीक्षण किया, आईटी पार्क-3 का भी लिया जायज़ा।
- 20 जून को पीएम किसान उत्सव दिवस, साढ़े नौ करोड़ किसानों को मिलेगी सम्मान निधि की 23वीं किस्त।

**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से मध्य प्रदेश और ओडिशा के पाँच दिवसीय दौरे पर हैं। दौरे के पहले दिन इंदौर पहुँचने पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति ने बैतूल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित आध्यमित्क जाग्रति द्वारा आदिवासी समाज का सशाक्तिकरण कार्यकम को संबोधित किया और कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य के लिए देश का कोई भी समुदाय विकास की यात्रा में पीछे नहीं रहना चाहिए।

राष्ट्रपति कल ओंकारेश्वर में अंतरराष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए ओंकारेश्वर क्षेत्र को 19 जून तक नो-ड्रोन जोन घोषित किया गया है और विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है।

**प्रधानमंत्री फ्रांस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस दौरे के दौरान आज कई शीर्ष वैश्विक कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की। उन्होंने मिस्ट्रल एआई के सीईओ आर्थर मेन्श से भारत के बढ़ते एआई इकोसिस्टम पर, एल्स्टॉम के सीईओ मार्टिन सियन से रेलवे आधुनिकीकरण पर और सेंट-गोबेन के चेयरमैन बेनोइट बाजिन से निर्माण सामग्री

क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर चर्चा की। तीनों कंपनियों ने भारत में और अधिक निवेश तथा विस्तार की इच्छा जताई।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लख**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलशक्ति मंत्री चंद्रकांत पाटिल के एक लेख को साझा करते हुए कहा कि सरकार ने पेयजल, स्वच्छता, नदी संरक्षण, सिंचाई, भूजल पुनर्भरण और अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग जैसी चुनौतियों का समाधान समग्र दृष्टिकोण से किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया के एक लेख को साझा करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत की परिवर्तन गाथा देश के युवाओं की भी गाथा है।

**मुख्यमंत्री इंदौर प्रवास**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर प्रवास के दौरान स्कूल चले हम अभियान के तहत बड़ा गणपति स्थित शासकीय शारदा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया। उन्होंने विद्यालय में स्थापित अत्याधुनिक खगोलीय प्रयोगशाला का निरीक्षण किया, जहां छात्राओं ने दूरबीन, रॉकेट मॉडल और नक्षत्र ट्रैकिंग प्रणाली के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने इंदौर में निर्माणाधीन आईटी पार्क-3 का निरीक्षण करते हुए कहा कि प्रदेश को देश का अग्रणी आईटी और सेवा क्षेत्र का केंद्र बनाना उनकी सरकार का संकल्प है।

**कृषि मंत्री शिवराज सिंह प्रस वार्ता**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि 20 जून को देशभर में पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी करेंगे।

**पट्रोलियम**

सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद देश के सभी तेल शोधन संयंत्र पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ उच्च क्षमता पर काम कर रहे हैं। नई दिल्ली में अंतरमंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि पिछले तीन दिनों में एक करोड़ 47 लाख एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

**विशष श्रृंखला “12 साल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांतों पर भारत में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार, इस अवसर पर एक विशेष श्रृंखला “12 साल - विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के” प्रस्तुत कर रहा है। आज के अंक में नक्सलवाद उन्मूलन और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर एक रिपोर्ट..

**ईपीए**

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि यानी ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से ईपीएफओ के 7 करोड़ से अधिक अंशधारकों को लाभ मिलेगा और इस महीने के अंत तक खातों में ब्याज राशि जमा होने की संभावना है।

**"टैलेंट सर्च" महाअभियान**

प्रदेश का खेल एवं युवा कल्याण विभाग प्रदेश की उभरती खेल प्रतिभाओं को तलाशने के लिए "टैलेंट सर्च" महाअभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत 8 से 18 वर्ष आयु वर्ग के युवा खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार किया जाएगा। ऑनलाइन पंजीयन 17 जून से शुरू हो चुका है और चयन प्रक्रिया 27 जून से आरंभ होगी। अभियान में एथलेटिक्स, हॉकी, कुश्ती, बॉक्सिंग और तीरंदाजी समेत कुल 21 खेल विधाओं में ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

**नशा मुक्त भारत सप्ताह**

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग 26 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में 17 से 26 जून तक देशभर में "नशा मुक्त भारत सप्ताह" मना रहा है। इस अभियान की थीम- नशा मुक्त भारत अभियान, विकसित भारत की पहचान है। सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान में जागरूकता रैलियां, युवा अभियान, नुक्कड़ नाटक, निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताएं तथा सोशल मीडिया अभियान आयोजित किए जा रहे हैं।

**महिला टी20 विश्व कप**

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में आज इंग्लैंड में वेस्ट इंडीज और स्कॉटलैंड के बीच मुकाबला होगा, जो भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से खेला जाएगा। इससे

पहले कल ग्रुप ए के मैच में भारत ने नीदरलैंड्स को 95 रनों से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 209 रन बनाए, जवाब में नीदरलैंड्स की टीम 114 रन ही बना पाई।

**संक्षिप्त समाचार**

- शिवपुरी आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के डीएसडी पोर्टल पर 30 जून तक ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं।
- सीहोर के बिलकिसगंज सांदीपनी विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तके वितरित की गयीं ।
- अशोकनगर जनपद पंचायत ईसागढ में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया।
- गुना में पॉलीहाउस एवं गुलाब की उन्नत खेती पर विशेष प्रशिक्षण कल आयोजित किया जायेगा।
- शा**जापुर जिल**□ के राजीव गांधी महाविद्यालय कालापीपल सभागृह में आज सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक की कार्यशाला का आयोजन रखा गया।
- जबलपुर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा आज राज्य स्तरीय पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को नूतन खेल परिसर स्टेडियम, मंदसौर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा।
- धार जिले के बदनावर में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का समापन हुआ।
- नीमच डाक संभाग द्वारा 20 जून को डाकघरों में आधार एनरोलमेंट और अपडेशन का विशेष अभियान चलाया जाएगा।

---